# 1 प्रैक्टिस सेट

1. वानिकी अनुसंधान संस्थान स्थित है-
(a) जबलपुर में (b) जोरहाट में
(c) बंगलौर में (d) देहरादून में

2. निम्न में से कौन-सी पर्वत चोटी भारत में है ?
(a) अन्नपूर्णा (b) मकालू
(c) कामेट (d) नामचा बर्वा

3. जापान के योकोहामा शहर में वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र सदस्य देशों का सम्मेलन जिस सन्दर्भ में किया गया, वह है
(a) प्राकृतिक आपदा नियंत्रण
(b) पृथ्वी सम्मेलन
(c) वैश्विक तापवृद्धि
(d) वन विनाश

4. भारतवर्ष का नूनमती तेलशोधक कारखाना स्थित है-
(a) बिहार (b) महाराष्ट्र
(c) असम (d) केरल

5. गुलबदन बेगम ने किसके कहने पर हुमायूँनामा लिखा था ?
(a) हुमायूँ के (b) अकबर के
(c) जहाँगीर के (d) औरंगजेब के

6. सीरी शहर और सीरी दुर्ग का निर्माण किसने करवाया था ?
(a) शेरशाह सूरी
(b) फिरोजशाह तुगलक
(c) अलाउद्दीन खिलजी
(d) इल्तुतमिश

7. गुप्तकालीन प्रथम गणितज्ञ व खगोलशास्त्री कौन था ?
(a) वराहमिहिर (b) ब्रह्मगुप्त
(c) भास्कर प्रथम (d) आर्यभट्ट

8. निम्न में से कौन जैनों के 23वें तीर्थंकर थे ?
(a) ऋषभदेव (b) नेमिनाथ
(c) पार्श्व नाथ (d) महावीर

9. निम्नांकित में से किसने हिन्दी भाषा को भारत की राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकारा व पहली बार 'स्वराज' शब्द का प्रयोग किया ?
(a) राजा राममोहन राय
(b) स्वामी दयानंद सरस्वती
(c) स्वामी विवेकानंद
(d) बालगंगाधर तिलक

10. अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रथम भारतीय महिला अध्यक्ष थी-
(a) विजयलक्ष्मी पंडित
(b) कस्तूरबा गाँधी
(c) सरोजनी नायडू
(d) अरूणा आसफ अली

11. 1937 ई. में काँग्रेस मंत्रिमंडल कितने प्रांतों में बने-
(a) छह (b) सात
(c) आठ (d) नौ

12. 'भारतीय मुस्लिम लीग' की स्थापना किस वर्ष में हुई थी ?
(a) 1885 ई. (b) 1905 ई.
(c) 1906 ई. (d) 1907 ई.

13. गाँधीजी की दाण्डी यात्रा का प्रारंभ किस तारीख और वर्ष है ?
(a) 12 फरवरी, 1922
(b) 12 मार्च, 1930
(c) 6 अप्रैल, 1930
(d) 2 मार्च, 1930

14. वर्ष 2011 की जनगणनानुसार भारत में न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है-
(a) नागालैण्ड (b) अरूणाचल प्रदेश
(c) मणिपुर (d) सिक्किम

15. अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष का वित्तीयन किसके द्वारा किया जाता है ?
(a) USA (b) UNO
(c) कॉमनवेल्थ देश (d) सदस्य देश

16. बैंक दर को बढ़ाने का प्रभाव कम हो जाएगा, यदि-
(a) SLR बढ़ा दी जाए
(b) CRR बढ़ा दी जाए
(c) CRR कम कर दी जाए
(d) (a) और (b) दोनों

17. निम्न सार्वजनिक उपक्रम में से कौन-सा महारत्न नहीं है ?
(a) BHEL (b) GAIL
(c) SAIL (d) BSNL

18. निम्न में से बहुआयामी गरीब सूचकांक के संबंध में गलत है-
(a) सचकांक के तीन आयाम-स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर है
(b) सूचकांक में प्रत्येक आयाम को समान भार दिया गया है
(c) सूचकांक में 10 प्राचल शामिल है
(d) प्रत्येक प्राचल को समान भार दिया गया।

19. भारतीय नियोजन के वास्तुकार कौन थे ?
(a) सरदार बल्लभभाई पटेल
(b) पी. वी. महालनोबिस
(c) बी. आर. अम्बेडकर
(d) पं. जवाहरलाल नेहरू

20. निम्न में से उनकी पहचान करें जो रिजर्व बैंक का कार्य नहीं है-
(a) विदेशी विनिमय भण्डारण का संरक्षण
(b) करेंसी जारी करना
(c) जनता से प्राप्त जमाओं पर ब्याज देना
(d) नगद आरक्षण का संरक्षण

21. भारत के किस राज्य में शिशु मृत्यु-दर सबसे कम है ?
(a) राजस्थान (b) केरल
(c) तमिलनाडु (d) उत्तर प्रदेश

22. विश्व व्यापार संगठन (WTO) का मुख्यालय कहाँ है ?
(a) सिएटल (b) वाशिंगटन डी. सी.
(c) जिनेवा (d) न्यूयॉर्क

23. भारतीय संविधान में प्रारंभ में मौलिक कर्त्तव्यों का प्रावधान नहीं था। संविधान संशोधन द्वारा संविधान के किस भाग में इसका समावेश किया गया है ?
(a) भाग-III (b) भाग-IIIA
(c) भाग-IV (d) भाग-IVA

24. संविधान सभा में 'उद्देश्य प्रस्ताव' प्रस्तुत किया गया-
(a) 9 दिसंबर, 1946
(b) 26 जनवरी, 1947
(c) 13 दिसंबर, 1946
(d) 15 अगस्त, 1946

Scanned with OKEN Scanner

25. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?
(a) राजेन्द्र प्रसाद
(b) सच्चिदानंद सिन्हा
(c) भीमराव अम्बेडकर
(d) पं. जवाहरलाल नेहरू

26. लोकसभा का अध्यक्ष अपना त्याग-पत्र किसे सम्बोधित करता है ?
(a) राष्ट्रपति (b) प्रधानमंत्री
(c) उपराष्ट्रपति (d) उपाध्यक्ष

27. भारत के किस राज्य में द्विसदनीय व्यवस्थापिका नहीं है ?
(a) बिहार (b) उत्तर प्रदेश
(c) पंजाब (d) गोवा

28. निम्नलिखित में से कौन-सा कारक अभिक्रिया दर पर कोई प्रभाव नहीं डालता है ?
(a) एन्थेल्पी में परिवर्तन
(b) तापमान
(c) उत्प्रेरक
(d) सान्द्रता

29. कार्बन नैनोट्यूब निम्न में से किस संरचनात्मक परिवार का सदस्य है ?
(a) ग्लिसराल
(b) पोलिएनिलीन्स
(c) फुलेरीन्स
(d) अमीन्स

30. फेफड़ों का सफेद कैंसर किसके कारण होता है-
(a) ऐस्बेस्टस (b) सिलिका
(c) टेक्सटाइल (d) पेपर

31. निम्न में से किस रासायनिक अभिक्रिया में नाइट्रोजन का अपचयन नहीं होता है ?
(a) $NO_2 \rightarrow NO_2$
(b) $NO_3^- \rightarrow NO$
(c) $NO_3^- \rightarrow NH_4^+$
(d) $NH_4^+ \rightarrow N_2$

32. क्योटो प्रोटोकॉल का उद्देश्य निम्न में से किसकी मात्रा कम करना है ?
(a) क्लोरोफ्लोरो कार्बन
(b) सल्फर डाईऑक्साइड
(c) ग्रीनहाउस गैस
(d) वाष्पशील कार्बनिक यौगिक

33. भारत का राष्ट्रीय पुष्प है-
(a) निल्मबो इंडिका
(b) निल्मबो हिन्दुस्तानी
(c) निलम्बो न्यूसिफेरा
(d) निलम्बो रिकर्वा

34. कीटभक्षी पादप का उदाहरण है-
(a) टैगेरीज (b) नेपेन्थीज
(c) लॉरेन्थस (d) जूनीपेरस

35. निम्न में से कौन-सा नियम रॉकेट प्रणोदन में शामिल होता है-
(a) न्यूटन के गति का पहला नियम
(b) न्यूटन के गति का दूसरा नियम
(c) न्यूटन के गति का तीसरा नियम
(d) न्यूटन का गुरुत्वाकर्षण का नियम

36. निम्न में से कौन-सा ग्रह सौरमंडल के वैक्यूम क्लीनर की भाँति कार्य करता है-
(a) बृहस्पति
(b) शनि
(c) अरूण (यूरेनस)
(d) नेपच्यून

37. प्रत्येक वर्ष 'विश्व जल दिवस' कब मनाया जाता है ?
(a) 22 मई (b) 23 सितंबर
(c) 22 मार्च (d) 22 अप्रैल

38. मेघालय की गारो पहाड़ियाँ निम्न में से किस फसल के उत्पादन के लिए जानी जाती है ?
(a) संतरा (b) रबर
(c) केसर (d) सेब

39. NEFA है-
(a) नार्दर्स ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी
(b) नार्थ ईर्स्टन फ्रंटियर एजेंसी
(c) नार्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी
(d) नार्थ ईस्ट फ्रंट एजेंसी

40. भारत का दक्षिणतम बिन्दु है-
(a) कन्याकुमारी (b) इंदिराकॉल
(c) इंदिरा प्वांइट (d) तुतीकोरिन

41. 'लोनावाला जलविद्युत संयंत्र' कहाँ स्थित है ?
(a) पंजाब (b) हरियाणा
(c) महाराष्ट्र (d) राजस्थान

42. भारत में 'परमाणु ऊर्जा आयोग' की स्थापना कब की गई ?
(a) 1947 ई. (b) 1948 ई.
(c) 1950 ई. (d) 1952 ई.

43. 'नामदफा बाघ अभ्यारण्य' किस राज्य में स्थित है ?
(a) अरूणाचल प्रदेश
(b) केरल
(c) तमिलनाडु
(d) बिहार

44. 8 व्यक्तियों के समूह का औसत वजन 2.5 किलो बढ़ जाता है, जब 54 किलो वजन के एक व्यक्ति की जगह एक नया व्यक्ति ले लेता है। नए व्यक्ति का वजन कितना है ?
(a) 76 किलोग्राम
(b) 72 किलोग्राम
(c) 77 किलोग्राम
(d) 74 किलोग्राम

45. एवलिन ने तीन किस्मों के समान संख्या में कंगन खरीदे जिनकी कीमत प्रति नग 30, 35 और 65 रुपये हैं। उन्होंने सभी कंगन के लिए कुल 1690 रुपये खर्च किया। उन्होंने प्रत्येक प्रकार के कितने कंगन खरीदें।
(a) 15 (b) 13
(c) 12 (d) 10

46. $[(8 \times 9) + (3 \times 12) + 3]/[12 \times 3) + (81/9)] = ?$
(a) 4.25 (b) 2.9
(c) 1.5 (d) 2.46

47. $(0.2 \times 0.2 \times 0.2) + (0.05 \times 0.05 \times 0.05)/(0.6 \times 0.6 \times 0.6) + (0.15 \times 0.15 \times 0.15)) = ?$
(a) 0.037 (b) 0.25
(c) 0.0125 (d) 0.5

48. अगर $y$, $x$ से 20% अधिक है, तो $x$, $y$ से कितने फीसदी कम है ?
(a) 16.67% (b) 16.33%
(c) 17.67% (d) 16%

49. दी गई शृंखला में जो असंगत अक्षर है उसे ज्ञात करें-
B, H, J, Q, Z
(a) H (b) Z
(c) E (d) Q

50. एक निश्चित कूट भाषा में 'PAINT' को '73915' के रूप में लिखा जाता है और 'MATCH' को '43568' के रूप में लिखा जाता है। उस कूट भाषा में 'CHAT' को कैसे लिखा जाएगा?
(a) 6835 (b) 6385
(c) 6583 (d) 6853

51. नीचे दिए गए सवाल में एक कथन के बाद दो पूर्वानुमान I और II दिए गए हैं। आपको कथन में सब कुछ सच मानना है और फिर दो पूर्वानुमानों पर विचार करना है और तय करना है कि उनमें से कौन-सा तार्किक रूप से किसी भी संदेह से परे, कथन में दी गई जानकारी का अनुसरण करता है।
कथन:
भारत, दुनिया के कुल आईटी उद्योग में 55% बाजार की हिस्सेदारी रखता है।
पूर्वानुमान:
I. विदेशी कंपनियां सस्ते श्रम की उपलब्धता के कारण ही भारत को पसंद करती हैं।
II. केंद्र सरकार ने बहुराष्ट्रीय कंपनियों को उनकी प्रगति के लिए विभिन्न सब्सिडी प्रदान की है।
(a) केवल पूर्वानुमान I अंतर्निहित है
(b) दोनों पूर्वानुमान I और II अंतर्निहित हैं।
(c) न पूर्वानुमान I और न II अंतर्निहित है
(d) केवल पूर्वानुमान II अंतर्निहित है

Scanned with OKEN Scanner

52. एक महिला की ओर इशारा करते हुए एक लड़के ने कहा, "उसका पति, मेरे भाई की नानी की बेटी का इकलौता भाई है''। उस लड़के का उस महिला से क्या संबंध है ?
(a) मौसेरा भाई
(b) भाई
(c) भतीजा/भांजा
(d) देवर/जेठ

53. निम्न विकल्पों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–
(a) वह बिलकुल यह कार्य नहीं जानता
(b) वह बिलकुल भी यह कार्य नहीं जानता
(c) यह कार्य वह बिलकुल भी नहीं जानता
(d) यह कार्य बिलकुल भी नहीं जानता

54. निम्न में से कौन-सा एक युग्म विपरीतार्थक नहीं है?
(a) उदार-अनुदार (b) न्यून-अल्प
(c) अक्षम-सक्षम (d) निर्जल-सजल

55. भौ + उक का सन्धि शब्द होगा?
(a) भौउक (b) भाउक
(c) भावुक (d) भौइक

**निर्देश ( 56-60 ): निम्नलिखित अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए एवं पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार सम्भावित उत्तर हैं, जिन्हें (a), (b), (c) और (d) क्रम दिया गया है। आपको सही उत्तर चुनना है।**

**अनुच्छेद**

कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान दिल्ली के निकट स्थित है। यह हिमालय की निचली श्रेणियों में रामगंगा नदी की घाटी में है। दिल्लीवासी सड़क मार्ग से बड़ी सरलता से यहां पहुँच सकते हैं। वे कुछ रास्ता रेलगाड़ी से और शेष को सड़क मार्ग से भी तय कर सकते हैं।

कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान का निर्माण 1936 में हुआ था। यह भारत का पहला राष्ट्रीय उद्यान था। अप्रैल, 1973 में शिकारियों से बाघों की रक्षा के लिए 'बाघ परियोजना' का शुभारंभ इसी उद्यान से किया गया।

बाघों के अतिरिक्त कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में अन्य अनेक पशु भी बड़ी संख्या में रहते हैं। भालू, लोमड़ी, लकड़बग्घा, सिवेट बिलाव भी यहाँ रहते हैं। इन पशुओं के अतिरिक्त साँप, जैसे-भारतीय अजगर, करैत और नागराज भी इस उद्यान में मिल जाते हैं।

यहाँ वर्षभर अनेक पक्षी भी देखे जा सकते हैं, जैसे-बगुला, आंजन बगुला (हेरॉन), खांगवाली टिटहरी, काली गरदन वाले लगलग पक्षी भी इस उद्यान में सालभर देखे जा सकते हैं। वास्तव में पक्षियों की लगभग 580 प्रजातियाँ कॉर्बेट उद्यान में पाई जाती हैं।

भारत और विदेशों के पर्यटकों को इस उद्यान में आना पसंद है। वे हाथी पर सवार होकर पार्क में बाघ की झलक पाने का आनंद उठाते हैं। हाथी बाघों से नहीं डरते, इसलिए हाथी की सवारी पर्याप्त सुरक्षित और आनंददायक है।

56. अप्रैल, 1973 में कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान से क्या प्रारम्भ किया गया है ?
(a) बाघ परियोजना
(b) पहला राष्ट्रीय उद्यान
(c) हाथी की सवारी
(d) पक्षी उद्यान

57. कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में बाघ के अलावा और कौन-सा पशु देखा जा सकता है ?
(a) सिंह (b) घोड़ा
(c) लकड़बग्घा (d) ऊँट

58. 'प्रजाति' शब्द का क्या अर्थ है ?
(a) विशेष (b) विविधता
(c) किस्म (d) पशु

59. हाथी पर सवारी करके सैर करना क्यों सुरक्षित है ?
(a) बाघों को हाथी पसंद नहीं।
(b) हाथी बाघों से नहीं डरते।
(c) लोगों को हाथी पसंद होते हैं।
(d) हाथियों को कॉर्बेट उद्यान पसंद है।

60. दिल्ली वालों के लिए कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान पहुँचना आसान क्यों है ?
(a) वे वायुयान से वहाँ पहुँच सकते हैं।
(b) वे रेल से वहाँ जा सकते हैं।
(c) वे सड़क से वहाँ जा सकते हैं।
(d) बहुत निकट होने के कारण वे आसानी से वहाँ जा सकते हैं।

**निर्देश ( 61-65 ): निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

बाजार ऐसा सार्वजनिक स्थान है, जहाँ खरीदने वाले और बेचने वाले अपनी इच्छा की वस्तु खरीदते और बेचते हैं तथा बिना किसी रोकभाव मिलते हैं। गाँवों में साप्ताहिक बाजार लगता है, जहाँ विनिमय से व्यापार चलता है। अहमदाबाद के प्रसिद्ध मिल में तैयार हुए स्टैंडर्ड कपड़े देश भर के बाजार में बेचे जाते हैं। सोना या चाँदी को दुनिया भर में खरीद या बेच सकते हैं, पर तरकारी और फलों के लिए इतना विशाल बाजार नहीं होता है। इनसे केवल एक शहर या गाँव की आवश्यकताओं की पूर्ति होती है।

61. बाजार में ........ से व्यापार चलता है।
(a) बेचने
(b) विनिमय
(c) खरीदने
(d) जमा करने

62. किसे दुनियाभर में खरीद या बेच सकते हैं ?
(a) तरकारी
(b) फल
(c) अखबार
(d) सोना या चाँदी

63. स्टैंडर्ड कपड़े कहाँ तैयार होते हैं ?
(a) मुंबई में
(b) दिल्ली में
(c) अहमदाबाद में
(d) राजस्थान में

64. किसका विशाल बाजार नहीं होता है ?
(a) फूल (b) सब्जी
(c) सोना (d) फल और तरकारी

65. कहाँ सार्वजनिक रूप से अपनी वस्तु खरीदने और बेचने में रोकभाव नहीं है ?
(a) गाँव में (b) बाजार में
(c) शहर में (d) दुनिया में

**Read the following passage and answer the questions.**

**PASSAGE**

As a toddler growing up in the 1950s. Richard Wawro threw violent tantruns. Often, he would tap the same piano key for long stretches of time. When he was three, his parents took him for testing at a nearby hospital. They were told that he was moderately to severely retarded. His family, however, never believed that his IQ was as low as the experts claimed. A special education teacher began working with Richard when he was six. She introduced him to drawing with crayons, which he took to quickly. He began filling sketchbooks (and the wallpaper of his Scotland home) with startlingly accurate depictions of cartoon characters like Yogi Bear. When Richard was 12, his artwork astounded a visiting artist who said that his drawings were created "with the precision of a mechanic and the vision of a poet." Richard could never read or write well. His speech remained limited. But his

Scanned with OKEN Scanner

involvement with the art world spurred his social development. He participated in dozens of exhibitions and became a well-known artist. His artwork was celebrated by the media and in a documentary, "With Eyes Wide Open." Both Margaret Thatcher and Pope John Paul II owned Wawro's oritaials.

Richard was a savant, an individual with a spike in a particular ability combined with an impairment or disability. In Richard's case, that underlying condition was autism. Autism is a condition characterized by social and communication challenges, like difficulty making eye contact or making conversation, along with repetitive behaviors or intense interests. It turns out that many savants have autism. But when the astounding abilities are there, they are often rooted in extreme memory, excellent attention to detail and passionate interests – traits also linked to autism. In many ways, prodigies look a lot like savants. They have the same preternatural abilities. They have the same prolific output. But there's a key difference between the two. While in savants, these extreme abilities are paired with an underlying impairment or disability, prodigies don't typically have any such disability. Even though prodigies are not typically autistic, they have the same excellent memories, extreme attention to detail, and passionate interests linked to autism and autistic savants.

**66. Which ONE of the options makes the meaning of 'savant' as it emerges in the passage clear?**

(a) an autistic who exhibits exceptional skill or brilliance in some limited field

(b) an autistic with preternatural abilities, exhibiting excep-tional skill or brilliance in a special field

(c) an autistic who exhibits exception-al skill or in brilliance in all fields

(d) a person of learning, especially one with detailed knowledge in some specialized field

**67. Which ONE of the statements sums up what the passage is about?**

(a) The case of Richard, a savant, illustrates the discovery that the dividing line between a prodigy and a savant is just the presence of a disability.

(b) Kids with autism, if encouraged, could turn out to be a savant as they share a range of extraordinary abilities with prodigies.

(c) When the instance of an autistic is examined closely, it is found that some diagnosed as autistic might be a savant with a 'spiked' extra-ordinary ability.

(d) Rather than conclude that autistic patients have limited IQ, we must make the effort to discover the special ability each autistic patient has.

**68. Select the most appropriate synonym of the given word.**

**ALTERATION**

(a) modification

(b) conciliation

(c) adjudication

(d) modulation

**69. Select the alternative that will improve the underlined part of the sentence; if no improvement is required, select "No improvement".**

**<u>I agreed to meet him at</u> the cafeteria at 9.00.**

(a) I agreed to have met him

(b) I agreed meeting him

(c) No improvement

(d) I agreed meet him

**70. Select the most appropriate antonym of the given word.**

**NUMEROUS**


(a) scarce

(b) uncountable

(c) several

(d) occasional

**निर्देश (71–75): निम्नलिखित बार ग्राफ दो वर्षों में तीन अलग-अलग सोसाइटी (A, B और C) में बच्चों की संख्या दर्शाता है यानी 2008 और 2018 ग्राफ को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।**




**71. वर्ष 2008 में B में बच्चों की कुल संख्या और वर्ष 2018 में C में बच्चों की कुल संख्या के मध्य अनुपात ज्ञात कीजिए–**

(a) 1 : 2

(b) 5 : 14

(c) 2 : 3

(d) 4 : 5

**72. यदि वर्ष 2008 में B में 25% बच्चे लड़कियां हैं, तो उसी वर्ष लड़कों की संख्या ज्ञात करें–**

(a) 45 (b) 24

(c) 27 (d) 36

**73. दिए गए दोनों वर्षों में A और C में बच्चों की औसत संख्या का अंतर क्या है?**

(a) 48 (b) 36

(c) 42 (d) 24

**74. यदि वर्ष 2018 में, सोसाइटी B, C और D में बच्चों की औसत संख्या 80 थी, तो वर्ष 2018 में सोसाइटी D में बच्चों की संख्या ज्ञात कीजिए–**

(a) 124 (b) 132

(c) 112 (d) 108

**75. वर्ष 2018 में C में बच्चों की कुल संख्या, समान वर्ष में A में बच्चों की कुल संख्या से कितने प्रतिशत कम है?**

(a) 20%

(b) 11.11%

(c) 9.09%

(d) 10%

Scanned with OKEN Scanner

**निर्देश (76–80): निम्न सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिए एवं दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**भिन्न परिवहन साधनों से भिन्न शहरों में आए पर्यटकों की संख्या**

| शहर | भिन्न परिवहन साधनों से भिन्न शहरों में आए पर्यटकों की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | वाहन | | | | |
| | कार | रेलगाड़ी | बस | बाइक | हवाई जहाज |
| दिल्ली | 192 | 188 | 172 | 191 | 174 |
| मुंबई | 180 | 166 | 178 | 187 | 182 |
| चंडीगढ़ | 156 | 194 | 163 | 181 | 148 |
| देहरादून | 132 | 185 | 142 | 170 | 148 |
| मसूरी | 149 | 159 | 155 | 149 | 183 |
| जयपुर | 168 | 163 | 158 | 142 | 174 |

76. रेलगाड़ी से आने वाले पर्यटकों की औसत संख्या क्या है?
(a) 190.5
(b) 188.5
(c) 175.83
(d) 137.5

77. सभी वाहनों को मिलाकर मुंबई एवं मसूरी जाने वाले पर्यटकों की संगत संख्या के मध्य क्या अंतर है?
(a) 78 (b) 98
(c) 88 (d) 83

78. रेलगाड़ी से देहरादून जाने वाले पर्यटकों की संख्या हवाई जहाज से चंडीगढ़ जाने वाले पर्यटकों की संख्या का कितना प्रतिशत है?
(a) 125
(b) 145
(c) 137
(d) 160

79. हवाई जहाज से जाने वाले पर्यटकों की औसत संख्या एवं बस से जाने वाले पर्यटकों की औसत संख्या के मध्य क्या अंतर है?
(a) 7.58
(b) 9.97
(c) 6.83
(d) 2.30

80. कार से दिल्ली जाने वाले पर्यटकों की संख्या तथा हवाई जहाज से मुंबई जाने वाले पर्यटकों की संख्या के मध्य क्रमशः क्या अनुपात है?
(a) 35 : 83 (b) 45 : 71
(c) 32 : 31 (d) 96 : 91

**निर्देश (81–85): आगे दिए गए वृत्त-चार्ट को ध्यान से अध्ययन कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

पुस्तकों की कुल संख्या = 10000

एक स्टोर में विभिन्न प्रकार की पुस्तकों का प्रतिशत




81. इतिहास की पुस्तकों की प्रतिशत संख्या कितनी है?
(a) 12 (b) 3
(c) 7 (d) 14

82. गणित की कुल पुस्तकों की संख्या कितनी है?
(a) 2800
(b) 1400
(c) 2400
(d) 3000


83. कला एवं हिन्दी की पुस्तकों का (संयुक्त रूप से) गणित की पुस्तकों के साथ अनुपात संख्या क्या है?
(a) 7 : 6
(b) 5 : 2
(c) 2 : 1
(d) 5 : 6

84. स्टोर में सबसे कम पुस्तकों की संख्या क्या है?
(a) 100
(b) 400
(c) 300
(d) 200

85. गणित और अंग्रेजी को मिलाकर पुस्तकों की कुल संख्या का हिन्दी और कला को मिलाकर पुस्तकों की संख्या के बीच का अंतर क्या है?
(a) 250 (b) 680
(c) 880 (d) 800

**निर्देश (86–90): निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए नीचे दिए गए ग्राफ को ध्यान से पढ़ें–**

विगत वर्षों में दो राज्यों की जनसंख्या (लाखों में)




86. वर्ष 2002 में राज्य B की जनसंख्या सभी वर्षों में राज्य B की कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत है? (दशमलव के बाद दो अंकों तक पूर्णांकित)
(a) 8.32 (b) 8.26
(c) 8.8 (d) 8.16

Scanned with OKEN Scanner

87. वर्ष 2001, 2002 और 2003 में मिलकर राज्य A की कुल जनसंख्या और वर्ष 2005, 2006 और 2007 में मिलकर राज्य B की कुल जनसंख्या के बीच का क्रमशः अनुपात कितना है?
(a) 53 : 27
(b) 29 : 54
(c) 27 : 53
(d) 54 : 29

88. वर्ष 2003 से 2004 में राज्य B की जनसंख्या में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई है?
(a) $16\frac{3}{4}$ (b) $17\frac{1}{3}$
(c) $18\frac{1}{3}$ (d) $16\frac{2}{3}$

89. दिए गए सभी वर्षों के लिए राज्य A की औसत जनसंख्या लगभग कितनी है?
(a) 58 लाख (b) 60 लाख
(c) 62 लाख (d) 64 लाख

90. वर्ष 2001, 2003 व 2005 में राज्य A की जनसंख्या तथा वर्ष 2003, 2004 व 2006 में राज्य B की जनसंख्या में कितना अंतर है?
(a) 16 लाख (b) 12 लाख
(c) 18 लाख (d) 20 लाख

91. 'राष्ट्रभाषा प्रथम-82 वर्षों की स्वर्णिम गाथा' नामक पुस्तक किसने जारी की?
(a) नरेन्द्र मोदी
(b) राजनाथ सिंह
(c) अमित शाह
(d) रविशंकर प्रसाद

92. भारत का प्रथम लिथियम प्लांट कहा स्थापित किया गया है?
(a) झारखंड
(b) तमिलनाडु
(c) गुजरात
(d) पश्चिम बंगाल

93. निम्नलिखित में से किस वेटलैंड्स को पक्षी अभयारण्य में परिवर्ति करने की घोषणा की गई है?
(a) पोंग डैम (b) कलिवली
(c) रोपड (d) अष्टमुदी

94. 'काला नमक चावल' या 'बुद्ध चावल' किस भारतीय राज्य से जुड़ा है?
(a) पश्चिम बंगाल (b) ओड़िशा
(c) छत्तीसगढ़ (d) उत्तर प्रदेश

95. भारतीय रेलवे द्वारा किस कम्पनी का प्रथम रेलवे स्टेशन पिकअप कियोस्क स्थापित किया गया?
(a) अमेजन इंडिया प्राइवेड
(b) फ्लिपकार्ट इंडिया
(c) जियोमार्ट
(d) डीएचएल एक्सप्रेस (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड

96. किस बहुराष्ट्रीय प्रौद्योगिकी/उत्पादन कम्पनी द्वारा "Tangi Apllication Do it Yourself." सेवा प्रारंभ की गई?
(a) जियो (b) अमेजॉन
(c) गूगल (d) माइक्रोसॉफ्ट

97. मानवाधिकार कार्यकर्ता 'बानक करीमा' का संबंध किस देश से है?
(a) अफगानिस्तान
(b) भारत
(c) पाकिस्तान
(d) ईरान

98. केन्द्र सरकार द्वारा संचालित उदय योजना किस मंत्रालय से संबंधित है?
(a) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
(b) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
(c) विद्युत मंत्रालय
(d) कोयला मंत्रालय

99. किस नदी को विश्व की सबसे कमजोर 'वाटर टावर' में से एक के रूप में चयनित किया गया?
(a) नर्मदा नदी (b) गंगा
(c) यमुना नदी (d) सिंधु नदी

100. संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (दूसरा संशोधन) विधेयक-2019 के तहत अनुसूचित जाति में शामिल होने वाले परिवारा, तलवाड़ा और सिद्धि समुदाय किस राज्य से संबंधित है?
(a) गुजरात (b) कर्नाटक
(c) गुजरात (d) मध्य प्रदेश

# व्याख्या सहित उत्तर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (c) | 3. (a) | 4. (c) |
| 5. (b) | 6. (c) | 7. (d) | 8. (c) |
| 9. (b) | 10. (c) | 11. (c) | 12. (c) |
| 13. (b) | 14. (b) | 15. (d) | 16. (c) |
| 17. (d) | 18. (d) | 19. (d) | 20. (c) |
| 21. (b) | 22. (c) | 23. (d) | 24. (c) |
| 25. (b) | 26. (d) | 27. (c) | 28. (a) |
| 29. (c) | 30. (a) | 31. (b) | 32. (c) |
| 33. (c) | 34. (b) | 35. (c) | 36. (a) |
| 37. (c) | 38. (a) | 39. (c) | 40. (c) |
| 41. (c) | 42. (b) | 43. (a) | |

**44.** (d) बढ़ा हुआ औसत वजन 2.5 किलो

∴ 8 व्यक्तियों का बढ़ा वजन = 2.5 × 8
= 20 किलो

नए व्यक्ति का वजन = 54 + 20 किलो
= 74 किलो

अत: नए व्यक्ति का वजन 74 किलो है।

**45.** (b) माना एवलिन ने प्रत्येक प्रकार के $x$ कंगन खरीदे।

प्रश्नानुसार,

$30x + 35x + 65x = 1690$

$130x = 1690$

$x = 13$

**46.** (d) [(8 × 9) + (3 × 12) + 3] / [(12 × 3) + (81 / 9)]

'BODMAS' के नियम से-

$$= \frac{[72 + 36 + 3]}{[36 + 9]}$$

$$= \frac{111}{45}$$

$$= 2.46$$

**47.** (a)

**48.** (a) यदि पहला मान दूसरे मान से $r$ प्रतिशत अधिक हो तो दूसरा मान पहले मान से $\left(\frac{r}{100 + r} \times 100\right)\%$ कम होगा।

Scanned with OKEN Scanner

प्रश्नानुसार

$x, y$ से कम होगा $= \left(\frac{20}{100+20} \times 100\right)\%$

$= \frac{20}{120} \times 100\%$

$= \frac{100}{6}\% = 16.67\%$

**49.** (a) दी गई शृंखला निम्नवत है–

B [H] J Q Z

+3 +5 +7 +9

उपर्युक्त शृंखला का अवलोकन करने से ज्ञात होता है कि अक्षर 'H' असंगत है। इसके स्थान पर 'E' होना चाहिए।

**50.** (a) जिस प्रकार

| P | A | I | N | T |
|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 5 |

तथा

| M | A | T | C | H |
|---|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 4 | 3 | 5 | 6 | 8 |


उसी प्रकार

| C | H | A | T |
|---|---|---|---|
| ↓ | ↓ | ↓ | ↓ |
| 6 | 8 | 3 | 5 |

अत: CHAT को कूट भाषा में '6835' लिखा जाता है।

**51.** (c)

**52.** (c)




स्पष्ट है, वह लड़का महिला का भांजा/भतीजा है।

**53.** (a) दिए गए विकल्पों में से शुद्ध वाक्य है–वह बिलकुल यह कार्य नहीं जानता, जबकि अन्य वाक्यों में शब्दों के अनुपयुक्त प्रयोग के कारण वाक्य सम्बन्धी अशुद्धियाँ हैं।

**54.** (b) दिए गए विकल्प में से विकल्प (b) का युग्म सही नहीं है, क्योंकि 'न्यून' का विलोम 'अधिक' होता है। अतत: सही युग्म 'न्यून-अधिक' होगा।

**55.** (c)

**56.** (a) अप्रैल, 1973 में शिकारियों से बाघों की रक्षा के लिए बाघ परियोजना की शुरुआत हुई थी।

**57.** (c) कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान में बाघ के अतिरिक्त भालू, लोमड़ी, लकड़बग्घा, बिलाव आदि देखे जा सकते हैं।

**58.** (c) प्रजाति - किस्म

**59.** (b) हाथी बाघों से नहीं डरते, अत: हाथी की सवारी सुरक्षित है।

**60.** (d) बहुत निकट होने के कारण वे आसानी से वहाँ जा सकते हैं।

**61.** (b) विनिमय

**62.** (d) सोना या चाँदी

**63.** (c) अहमदाबाद में

**64.** (d) फल और तरकारी

**65.** (b) बाजार में

**66.** (b) **67.** (b) **68.** (a) **69.** (c)

**70.** (a) Antonym of NUMEROUS is SCARCE.

**71.** (c) **72.** (d) **73.** (d) **74.** (b)

**75.** (d)

**76.** (c) रेलगाड़ी से आने वाले पर्यटकों की औसत संख्या

$= \frac{188+166+194+185+159+163}{6}$

$= \frac{1055}{6} = 175.83$

**77.** (b) मुम्बई जाने वाले पर्यटकों की कुल संख्या $= 180 + 166 + 178 + 187 + 182 = 893$

मसूरी जाने वाले पर्यटकों की कुल संख्या

$= 149 + 159 + 155 + 149 + 183 = 795$

अभीष्ट अंतर $= (893 - 795) = 98$

**78.** (a) अभीष्ट प्रतिशत $= \left(\frac{185}{148} \times 100\right)$

$= 125\%$

**79.** (c) हवाई जहाज से यात्रा करने वाले पर्यटकों की औसत संख्या

$= \frac{174+182+148+183+174}{6} = \frac{1009}{6}$

बस से यात्रा करने वाले पर्यटकों की औसत संख्या

$= \frac{172+178+163+142+155+158}{6}$

$= \frac{968}{6}$

अभीष्ट अन्तर $= \left(\frac{1009}{6} - \frac{968}{6}\right)$

$= \frac{41}{6} = 6.83$

**80.** (d) अभीष्ट अनुपात $= 192 : 182$

$= 96 : 91$

**81.** (b) इतिहास

$= 100\% - (30 + 7 + 13 + 15 + 20 + 12)\%$

$= (100 - 97) = 3\%$

**82.** (d) गणित की पुस्तकें

$= \frac{10000 \times 30}{100} = 3000$

**83.** (a) अभीष्ट अनुपात

$= \frac{(20+15)\%}{30\%} = \frac{35}{30} = \frac{7}{6} = 7 : 6$

**84.** (c) स्टोर में सर्वाधिक कम पुस्तकें इतिहास की हैं।

अभीष्ट संख्या $= \frac{10000 \times 3}{100} = 300$

**85.** (d) गणित और अंग्रेजी को मिलाकर पुस्तकों की कुल संख्या

$= 10000 \times \left(\frac{13+30}{100}\right)$

$= 100 \times 43 = 4300$

हिन्दी और कला को मिलाकर पुस्तकों की कुल संख्या

$= 10000 \times \left(\frac{20+15}{100}\right)$

$= 100 \times 35 = 3500$

∴ अभीष्ट अंतर

$= (4300 - 3500) = 800$

**86.** (d) अभीष्ट प्रतिशत

$= \frac{40 \times 100}{(50+40+60+70+80+90+100)}\%$

$= \frac{40 \times 100}{490}\% = 8.16\%$

**87.** (b) अभीष्ट अनुपात

$= \frac{(40+45+60)}{(80+90+100)}$

$= \frac{145}{270} = \frac{29}{54}$

$= 29 : 54$

**88.** (d) अभीष्ट प्रतिशत वृद्धि

$= \frac{70-60}{60} \times 100\% = \frac{10 \times 100}{60}\%$

$= \frac{100}{6}\% = \frac{50}{3}\% = 16\frac{2}{3}\%$

Scanned with OKEN Scanner

**89.** (a) औसत जनसंख्या

$$= \frac{40 + 45 + 60 + 50 + 70 + 65 + 80}{7}$$

$$= \frac{410}{7} = 58.57 \text{ लाख}$$

= 58 लाख (लगभग)

**90.** (d) वर्ष 2001, 2003 व 2005 को मिलाकर राज्य A की कुल जनसंख्या

= (40 + 60 + 70) लाभ = 170 लाख

वर्ष 2002, 2004 व 2006 को मिलाकर राज्य B की तुल जनसंख्या

= (40 + 60 + 90) लाख = 190 लाख

$\therefore$ अभीष्ट अंतर = (190 – 170) लाख

= 20 लाख

**91.** (c) केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 'राष्ट्र प्रथम-82 वर्षों की स्वर्णिम गाथा' पुस्तक का विमोचन किया। इस पुस्तक में 1939 से केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) के गरिमामय इतिहास, उसकी संपूर्ण यात्रा, चुनौतियों, सफलताओं और समर्पण को दिया या गया है।

**92.** (c) भारत का प्रथम लिथियम प्लांट गुजरात में स्थापित किया गया है। इसकी स्थापना मणिकरण पावर लिमिटेड द्वारा की गई। केन्द्र सरकार ने कर्नाटक ने मांडया जिले के मार्लगल्ला-अल्ला पटना में 1600 टन लिथियम संसाधनों की मौजूदगी के बारे में लोकसभा में एक लिखित जवाब में पुष्टि की है।

**93.** (b) तमिलनाडु के विलुपुरम जिला प्रशासन ने कलिवली वेटलैंड्स को वन्य जीव संरक्षण अधि नियम 1972 के तहत पक्षी अभयारण्य घोषित किया। कलिवली वेटलैंड्स, पुलिकट झील के बाद दक्षिण भारत की दूसरी सबसे बड़ी खारे पानी की झील है।

**94.** (d) 'काला नमक चावल' या 'बुद्ध चावल' भारत में सुगंधित चावल की बेहतरीन किस्मों में से एक है। उत्तर प्रदेश 20 टन बुद्ध चावल की एक खेप का निर्यात सिंगापुर को करेगा। राज्य सरकार ने इसे सिद्धार्थ नगर जिले का वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट (ODOP) घोषित किया है।

**95.** (a) अमेजन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मुम्बई के 4 रेलवे स्टेशनों पर रेलवे स्टेशन पिकअप कियोस्क स्थापित किये है। पिकअप कियोस्क ग्राहकों को रेलवे स्टेशनों पर पैकेज लेने की सुविधा देता है। कोलकाता के सियालदह रेलवे स्टेशन में अमेजन इंडिया ने अपना दूसरा पिकअप स्थापित किया है।

**96.** (c)

**97.** (c) बानक करीमा 22, दिसंबर, 2020 को टोरंटो, कनाडा में मृत पाई गई थी। ये पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की रहने वाली थी। इन्होंने पाकिस्तान से बलूचिस्तान की स्वतंत्रता के लिए अभियान चलाया था। वर्ष 2016 में बीबीसी ने इन्हें 100 प्रेरणादायक और प्रभावशाली महिलाओं की सूची में दिखाया था।

**98.** (c)

**99.** (d) नीदरलैंड के शोधकर्त्ताओं द्वारा किये गये हालिया अध्ययन के अनुसार, भारत पाकिस्तान और चीन से होकर बहने वाली सिंधु और उसकी सहायक नदियाँ विश्व की सबसे कमजोर 'वाटर टावर्स' में से एक है। वाटर टावर्स एक प्रकार के प्राकृतिक भंडारण टैंक होते है जो हिम नदीं तथा पर्वतों पर उपलब्ध बर्फ के पिघलने से भरते है और आस-पास रहने वाले कई लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराते हैं।

**100.** (b)

❑❑❑

Scanned with OKEN Scanner